तापमान
अधिकतम 38.0 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, शुक्रवार 1 मई 2026

12 10 वीं 12 वीं के मेधावी छात्रों को किया गया सम्मानित

14 किसान की बेटी हेमलता को टॉप टेन में मिला ...




**खबर संक्षेप**



## जब्त वाहनों की नीलामी से मिलेंगे 21 लाख रुपए

**बलौदाबाजार।** जिले के विभिन्न थानों में आबकारी, पशु क्रूरता एक्ट के तहत जब्त किए गए वाहनों की आज रक्षित केंद्र में सफलतापूर्वक नीलामी हुई। इस प्रक्रिया के माध्यम से शासन को कुल 21,11,000 रुपए की राजस्व राशि प्राप्त होगी। नीलामी की प्रक्रिया 30 अप्रैल को सुबह 11 बजे पुलिस कम्युनिटी हॉल में शुरू हुई। इस दौरान कुल 73 वाहनों को बोली के लिए रखा गया था। नीलामी में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए 5 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया था, जिसमें एसडीओपी भाटापारा तारेश साहू, जिला परिवहन अधिकारी, तहसीलदार, रक्षित निरीक्षक और एमटीओ शामिल थे। कुल 298 लोगों ने इस नीलामी प्रक्रिया में हिस्सा लिया। नीलामी के दौरान एक वाहन के लिए अधिकतम 5,60,000 रुपये की बोली लगाई गई। संपूर्ण नीलामी से कुल 21,11,000 रुपये की राशि शासन के पक्ष में राजसात की गई, जिसमें से 3,20,000 रुपये मौके पर ही जमा करा लिए गए हैं।
नीलामी के लिए पूर्व में ही विज्ञापन जारी किया गया था और सोशल मीडिया के माध्यम से भी इसका व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया था। वाहनों को आम जनता के देखने के लिए रक्षित केंद्र परिसर में रखा गया था।

## सट्टा-पट्टी खिलाते सटोरिया गिरफ्तार



**बलौदाबाजार।** जिले में आम जनता की शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए शुरू की गई समाधान सेल योजना रंग लाने लगी है। इस हेल्पलाइन के माध्यम से मिली सटीक सूचना पर सिटी कोतवाली पुलिस ने भैंसापसरा क्षेत्र में दबिश देकर एक सटोरिये को गिरफ्तार किया है। 29 अप्रैल को समाधान सेल के हेल्पलाइन नंबर पर पुलिस को भैंसापसरा में मोबाइल के माध्यम से सट्टा-पट्टी लिखे जाने की गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना की तस्दीक के बाद सिटी कोतवाली पुलिस की टीम ने तत्काल घेराबंदी की और आरोपी उत्तरा कुमार रात्रे 35 वर्ष निवासी दशरमा रोड, बलौदाबाजार को रंगे हाथों दबोचा गया।पुलिस ने आरोपी के पास से सट्टा कारोबार में इस्तेमाल होने मोबाइल, सट्टा-पट्टी और नकदी 4,120 रुपए बरामद की है। आरोपी के विरुद्ध थाना सिटी ▸▸ शेष पेज 12 पर

# शराब के नशे में लड़खड़ाया दूल्हा, दुल्हन ने मंडप में ही शादी से किया इनकार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सेल

बलौदाबाजार जिले के कसडोल ब्लॉक के ग्राम सेल में खुशियों का माहौल उस वक्त तनाव और सन्नाटे में बदल गया, जब एक दुल्हन ने दूल्हे की शर्मनाक करतूत देख जीवन भर का साथ ठुकरा दिया। शराब के नशे में धुत होकर शादी की रस्म के लिए पहुंचे दूल्हे को देख दुल्हन ने स्पष्ट कह दिया-मैं इस शराबी से शादी नहीं करूंगी।

मामला कसडोल नगर का है, जहां बिलासपुर जिले के सिरगिट्टी थाना क्षेत्र (कोरमी) से राजू मांडले की बारात आई थी। 27 अप्रैल को जब बारात दुल्हन सुनीता के घर पहुंची, तो डीजे की धुन पर बाराती नाच रहे थे। लेकिन जैसे ही दूल्हे को रस्मों के लिए गाड़ी से उतारा गया, वह ठीक से खड़ा भी नहीं हो पा रहा था। दूल्हा शराब के नशे में बुरी तरह लड़खड़ा रहा था। दूल्हे की ऐसी हालत देख दुल्हन सुनीता ने तुरंत शादी रोकने का फैसला लिया। उसने समाज और परिवार के सामने निडरता से इस रिश्ते को नामंजूर कर दिया। सुनीता के इस फैसले का उसके पिता और भाई ने भी पूरा समर्थन किया।

रिश्ता टूटने के बाद दोनों पक्षों के बीच विवाद की स्थिति निर्मित हो गई और जमकर हंगामा हुआ। स्थिति को बिगड़ता देख कसडोल के वरिष्ठ नागरिकों को बुलाया गया, जिन्होंने हस्तक्षेप कर मामला शांत कराया।

### दुल्हन पक्ष ने मांगा खर्चा, दोनों पक्षों में जमकर हुआ विवाद

#### सुनीता के फैसले की सराहना

सुनीता के पिता और भाई ने अपनी मेहनत की कमाई से धूमधाम से शादी की तैयारी की थी। बारात वापस लौटने से परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। अब दुल्हन पक्ष ने शादी में हुए भारी-भरकम खर्चे की भरपाई की मांग की है। शराब की लत के कारण एक रिश्ता जुड़ने से पहले ही बिखर गया, लेकिन क्षेत्र में सुनीता के इस साहसिक कदम की जमकर सराहना हो रही है।



#### जांच में सामने आया बड़ा धोखा

शादी रुकने के बाद जब दूल्हे के बारे में छानबीन की गई, तो कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आए। जिसमें आरोपी दूल्हा कोई स्थाई नौकरी नहीं करता था। लड़की पक्ष को जो घर दिखाया गया था, वह उसमें रहता ही नहीं था। धोखा देकर रिश्ता जोड़ा गया था, जिसकी पोल शराब के नशे ने खोल दी।

### सामान्य सभा में कई मुद्दों पर लगी मुहर

# नपा में 15 करोड़ का बजट पारित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भाटापारा

नगर पालिका परिषद में अध्यक्ष अश्वनी शर्मा की अध्यक्षता में दो बैठकें हुई। प्रथम चरण में प्रातः 11 बजे से अपराह्न 1 बजे तक पीआईसी की बैठक और अपराह्न 3 बजे से सायं 5 बजे तक सामान्य सभा परिषद की बैठक आयोजित की गई। इन बैठकों में नगर के विकास, जन-सुविधाओं एवं जनहित से संबंधित अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

बैठक में 131वें संविधान संशोधन विधेयक (नारी शक्ति वंदन अधिनियम-2023) के संसद में अद्यतन तक पारित न होने पर गहरी चिंता व्यक्त की परिषद द्वारा 131वें संविधान संशोधन विधेयक, जिसे नारी शक्ति वंदन अधिनियम-2023 के रूप में जाना जाता है, के संसद में पारित नहीं होने पर कड़ा रुख अपनाते हुए बहुमत से 'निंदा प्रस्ताव' पारित किया गया।

बैठक का सर्वाधिक महत्वपूर्ण एजेंडा वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट प्रस्तुतिकरण रहा। परिषद के समक्ष 15 करोड़ का वार्षिक बजट प्रस्तुत किया गया, जिसे समस्त सदस्यों ने सर्वसम्मति से स्वीकृत किया। इस बजट में नगर के बुनियादी ढाँचे के सुदृढ़ीकरण, स्वच्छता, पेयजल एवं जन-सुविधाओं के विस्तार पर विशेष बल दिया गया है।

नगर में सुरक्षित एवं पर्याप्त पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु निम्नलिखित निर्णय लिए गए: 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत संत रविदास वार्ड 21) में 152.25 लाख की अनुमानित लागत से आर.सी.सी. पानी टंकी निर्माण को वित्तीय एवं प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक के दौरान समस्त पार्षदगण द्वारा नवीन पदस्थ मुख्य नगर पालिका अधिकारी का हार्दिक स्वागत एवं परिचय कराया गया तथा परिषद के साथ सामंजस्यपूर्ण कार्य करने की अपेक्षा व्यक्त की गई।नगर पालिका परिषद अध्यक्ष श्वनी शर्मा ने उपस्थित पार्षदगण एवं अधिकारियों से कहा नारी शक्ति वंदन जैसे महत्वपूर्ण विषय पर परिषद का यह रुख समाज में समानता और सशक्तिकरण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है आज का बजट और लिए गए निर्णय भाटापारा को एक स्वच्छ, सुंदर और आत्मनिर्भर शहर बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होंगे।



#### 151 कर्मचारियों की भर्ती का निर्णय

नगर में साफ-सफाई, स्वास्थ्य एवं आवश्यक सेवाओं की निरंतरता बनाए रखने के लिए प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से 151 कर्मचारियों की नियुक्ति हेतु वार्षिक निविदा आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया। गजानंद अग्रवाल महाविद्यालय परिसर में निर्मित ऑडिटोरियम के सुव्यवस्थित प्रबंधन एवं सामुदायिक उपयोग के संदर्भ में विस्तृत विचार-विमर्श किया गया।

#### तालाब के सौंदर्यीकरण प्रस्ताव को परिषद की मंजूरी

पटपर तालाब एवं अवेरेठी तालाब के सौंदर्यीकरण एवं जीर्णोद्धार के लिए प्राप्त न्यूनतम निविदा दरों को परिषद की स्वीकृति मिली।

#### पेयजल संकट से निपटने 70 लाख की योजना

ग्रीष्म ऋतु में उत्पन्न होने वाली पेयजल संकट की स्थिति से निपटने हेतु 70 लाख की विशेष कार्ययोजना जिला खनिज संस्थान न्यास (को प्रेषित करने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। स्वच्छता, सौंदर्यीकरण एवं पर्यावरण स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 एवं स्टार रेटिंग के अंतर्गत निर्धारित कार्यों के सम्पादन हेतु 157.37 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई।

# चर्चित हत्याकांड के दो आरोपी को सजा, मुख्य आरोपी को 10 साल का कारवास

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

सिटी थाना क्षेत्र के चर्चित हत्याकांड मामले में तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश बलौदाबाजार विवेक गर्ग ने आरोपियों को दोषी ठहराते हुए कठोर कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने मुख्य आरोपी साहिल गेंड्रे को 10 वर्ष के कठोर कारावास एवं एक हजार रुपये जुर्माने तथा सह-आरोपी अमोल मॉरिस पीटर को 3 वर्ष के कठोर कारावास एवं एक हजार रुपये जुर्माने से दंडित किया है।

लोक अभियोजक थानेश्वर वर्मा ने बताया कि घटना पिछले वर्ष 3 मार्च की रात लगभग 1 बजे की है। यह मामला बलौदाबाजार शहर से लगे ग्राम मिशन परसा भदेर का है, जहां आरोपी साहिल गेंड्रे ने ज्ञानेश मिश्रा पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया था। आरोपी ने मृतक की जांघ पर तीन बार चाकू मारा, जिससे अत्यधिक रक्तस्राव होने के कारण उपचार के दौरान ज्ञानेश मिश्रा की मृत्यु हो गई।

#### मुख्य आरोपी फरार

घटना के बाद आरोपी साहिल गेंड्रे ने अपने साथी अमोल मॉरिस पीटर को फोन कर मौके पर बुलाया और स्वयं फरार हो गया। आरोप है कि अमोल मॉरिस पीटर ने मृतक के परिजनों एवं पुलिस को झूठी जानकारी देकर गुमराह करने का प्रयास किया।

#### हत्या का मामला दर्ज

मामले की रिपोर्ट मृतक के भाई हर्षित मिश्रा द्वारा सिटी कोतवाली बलौदाबाजार में दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 103(1) एवं 3(5) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उन्हें गिरफ्तार किया तथा न्यायालय में अभियोग पत्र प्रस्तुत किया।

#### 14 गवाहों के बयान के बाद फैसला

सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से कुल 14 साक्षियों के बयान कराए गए। अंतिम बहस में लोक अभियोजक थानेश्वर वर्मा ने न्यायालय के समक्ष सशक्त तर्क प्रस्तुत करते हुए उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों को दोषी सिद्ध करने की मांग की। न्यायालय ने अभियोजन पक्ष के तर्क एवं प्रस्तुत साक्ष्यों से सहमत होते हुए दोनों आरोपियों को दोषी करार दिया और सजा सुनाई।

# अमेरा में बारातियों पर हमला, महिलाओं और 6 नाबालिगों सहित 14 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पलारी

ग्राम अमेरा में एक शादी समारोह के दौरान शराब के लिए पैसे मांगने और मना करने पर बारातियों पर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए महिलाओं और 6 नाबालिगों सहित कुल 14 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

प्रार्थी चंकी वर्मा की रिपोर्ट पर पलारी पुलिस ने धारा 296, 351(2), 324(5), 119(1), 127(2), 191(1), 191(2), आर्म्स एक्ट की धारा 25, 27 के तहत मामला पंजीबद्ध कर संदीप कोसरिया 28 वर्ष, रोहित कोसरिया 35 वर्ष, मोतीलाल कोसरिया 45 वर्ष, गोकुल साहू 20 वर्ष, बुगाला कोसरिया 30 वर्ष, राज बाई कोसरिया 58 वर्ष, संतोषी कोसरिया 40 वर्ष, चंद्रिका धृतलहरे 45 वर्ष, इसके अलावा 6 नाबालिग बालक शामिल हैं। सभी आरोपियों को 29 अप्रैल को न्यायालय के समक्ष पेश किया जहां उन्हें जेल भेजा गया है। ग्राम अमेरा में फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है और ▸▸ शेष पेज 12 पर



#### लाठी-डंडों और चाकू से हमला

बारातियों द्वारा मना किए जाने पर आरोपियों ने उग्र होकर ईंट-पत्थरों से वाहनों में तोड़फोड़ शुरू कर दी। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपियों ने लाठी-डंडों और चाकू से बारातियों पर हमला कर दिया। इस दौरान कुछ बारातियों को बंधक बनाने और जान से मारने की नीयत से दौड़ाने की भी खबर है।

#### बंधक बाराती को मुक्त किया

घटना की सूचना मिलते ही पलारी, सिटी कोतवाली और भाटापारा ग्रामीण पुलिस बल निरीक्षक लखेश केवट एवं हेमंत पटेल के नेतृत्व में मौके पर पहुंची। पुलिस ने घेराबंदी कर बंधक बनाए गए बारातियों को मुक्त कराया और घायलों को सुरक्षा प्रदान की। पुलिस ने घटना में शामिल 8 वयस्क आरोपियों जिनमें महिलाएं भी शामिल हैं और 6 विधि से संघर्षरत बालकों को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपियों ने शराब के पैसे मांगने और मारपीट करने की बात स्वीकार की है। विशेष बात यह रही कि आरोपी महिलाओं ने उपद्रवियों को रोकने के बजाय खुद मारपीट में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

# वन विभाग का चपरासी डिप्टी रेंजर बन दिखा रहा था रौब, बैरियर पर बारातियों से की बदसलूकी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सेल

जिले के सोनाखान वन परिक्षेत्र से एक बेहद चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां विभाग की सुरक्षा व्यवस्था और सिस्टम पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। नवागांव बैरियर पर तैनात एक कर्मचारी द्वारा वर्दी का दुरुपयोग कर खुद को अधिकारी बताने और आम लोगों को धमकाने का मामला प्रकाश में आया है।

घटना 29 अप्रैल की रात करीब 12 बजे की है। बताया जा रहा है कि एक बारात से लौट रहे कुछ लोग जब नवागांव बैरियर पहुंचे, तो वहां तैनात एक व्यक्ति ने उनकी गाड़ी रोक दी। चेकिंग और एंट्री के नाम पर पूछताछ करते हुए उस व्यक्ति ने बारातियों के साथ गाली-गलौज और बदसलूकी शुरू कर दी।

उक्त व्यक्ति ने वर्दी पहन रखी थी, जिस पर एक स्टार लगा हुआ था। उसने खुद को 'डिप्टी रेंजर' बताते हुए लोगों पर धौंस जमाई और कार्रवाई की धमकी दी। जब लोगों को उसका व्यवहार संदिग्ध लगा और उन्होंने पूछताछ की, तो पता चला कि उक्त व्यक्ति का नाम पुरुषोत्तम बरिया है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, वह वन विभाग में चपरासी के पद पर कार्यरत है।





इस घटना ने वन विभाग की कार्यप्रणाली को कटघरे में खड़ा कर दिया है, जिसमें एक चपरासी, डिप्टी रेंजर की वर्दी पहनकर संवेदनशील बैरियर पर ड्यूटी कैसे कर रहा था? क्या रात के समय उच्च अधिकारियों की शह पर यह अवैध वसूली और धौंस जमाने का खेल चल रहा था? नवागांव जैसा संवेदनशील बैरियर, जहां सघन जांच जरूरी है, वहां एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के भरोसे सुरक्षा क्यों छोड़ी गई?

#### कार्रवाई के निर्देश

मामले की जानकारी मिली है, मैंने सोनाखान रेंजर राजेश्वर नामदेव को मामले की जांच कर तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।
अनिल वर्मा एसडीओ, वन विभाग

#### जांच के बाद कार्रवाई

शिकायत प्राप्त हुई है। पूरे मामले की जांच की जा रही है, जो भी तथ्य सामने आएंगे उसके आधार पर उचित कार्रवाई की जाएगी।
राजेश्वर नामदेव, वन परिक्षेत्र अधिकारी

### दो हजार से अधिक लोगों को मिली मोहल्ले में इलाज की सुविधा

# मोबाइल मेडिकल यूनिट बनी लोगों के लिए संजीवनी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

शासन की मंशानुसार दूरस्थ वनांचलों और दुर्गम पहाड़ियों पर बसे विशेष पिछड़ी जनजाति बाहुल्य क्षेत्रों में मोबाइल मेडिकल यूनिट वरदान साबित हो रही है। पहले इन क्षेत्रों के ग्रामीणों को मिलों पैदल चलना पड़ता था, वहीं अब अस्पताल खुद उनके गली मोहल्लों तक पहुंच रहा है। जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति कमार बाहुल्य ग्राम बल्दाकछार और औराई में प्रधानमंत्री जनमन योजना अंतर्गत 15 जनवरी से एक मोबाइल मेडिकल यूनिट संचालित हैं। इन दोनों गांव के साथ ही यह यूनिट कसडोल क्षेत्र के अन्य ग्रामों में भी कैम्प लगाती है। लगभग साढ़े तीन माह में इस यूनिट से 2035 लोगों ने निःशुल्क इलाज का लाभ लिया हैं।




समय व धन की बचत- वनांचलों में परिवहन के साधन सीमित होने के कारण व अस्पताल में लंबी कतार के कारण ग्रामीणों का पूरा दिन अस्पताल आने-जाने में बीत जाता था। मोबाइल मेडिकल यूनिट क़ी सुविधा मिलने से समय व धन क़ी बचत हो रही है।

विशेष पिछड़ी जनजाति के लोग पहले इलाज के लिए बैगा-गुनिया या पारंपरिक जड़ी-बूटियों पर ही निर्भर रहते थे, लेकिन अब मोबाइल यूनिट के आने से आधुनिक चिकित्सा पद्धति पर उनका विश्वास बढ़ा है।

#### दवा और घर के पास इलाज की सुविधा

इस मोबाइल मेडिकल यूनिट में एक -एक मेडिकल ऑफिसर, लैब टेक्निशियन, नर्स, ड्राइवर की टीम होती हैं। इसमें चिकित्सा सलाह सहित बीपी, शुगर, मलेरिया और हीमोग्लोबिन जैसी महत्वपूर्ण जांच व दवाई की मुफ्त सुविधा उपलब्ध है। गांव के पारा -मोहल्ले में कैम्प लगाने की तिथि व स्थान एक माह पूर्व निर्धारित हो जाती हैं। कैम्प लगाने की सूचना ग्रामीणों को मुनादी से दी जाती है। सुदूर बस्तियों में रहने वाले लोगों को अब सामान्य बीमारियों के इलाज के लिए शहर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ती।



## खबर संक्षेप



### प्रधान पाठक को सेवानिवृत्त पर दी विदाई

**भटगांव।** ग्राम सरगुली स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय के सेवानिवृत्त हुए प्रधान पाठक फिरत राम साहू को विद्यार्थियों और ग्रामीणों ने भावभीनी विदाई दी। सेवानिवृत्ति के अवसर पर विद्यालय परिसर में सम्मान सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संकुल के समस्त शिक्षक/शिक्षिकाएं स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष उपाध्यक्ष, सदस्य, सेवानिवृत्त शिक्षक के परिजन एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। बच्चों ने अपने प्रिय शिक्षक को उपहार भेंट कर उनके प्रति सम्मान और प्रेम प्रकट किया। वातावरण में भावनाओं का ऐसा ज्वार था कि कई विद्यार्थियों की आंखें नम हो गईं। विद्यार्थी बाजे-गाजे के साथ गुरूजी को उनके घर तक छोड़ने पहुंचे। अपने प्रिय शिक्षक के प्रति विद्यार्थियों का यह प्रेम और आदर समाज को एक सकारात्मक संदेश देता है कि शिक्षा केवल पाठ्यपुस्तकों तक सीमित नहीं, बल्कि संस्कारों और संबंधों की रोशनी है, जो पीढ़ियों तक समाज को प्रकाशमान करती रहती है। उक्त बाते प्रधान पाठक फिरत राम साहू ने अपने शिक्षकीय जीवन की यादों से कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामेश्वर सिंह ध्रुव ने की। मंच संचालन लाभो राम कैवर्तीय ने किया। इस अवसर पर जनपद जय शंकर साहू, फड़ेंद्र नेताम, बी आर बरदायक, बेद प्रकाश संकुल महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### गाय से अनाचार बुजुर्ग गिरफ्तार



**रायपुर।** आमनाका थाने की पुलिस ने वीडियो फूटेज के आधार पर पशु क्रूरता एवं अनाचार के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए एक 70 साल के बुजुर्ग को गिरफ्तार किया है। गाय के साथ अनाचार करने के आरोप में पुलिस ने मूलतः उत्तरप्रदेश महाराजगंज निवासी 70 वर्षीय हमीउद्दीन अली को गिरफ्तार किया है। हमीनुद्दीन के खिलाफ पुलिस ने धार्मिक भावनाओं को आहत करने का भी अपराध दर्ज किया है।

## पेज 11 के शेष

### अमेरा में बारातियों ...

पुलिस बल तैनात है।घटना 28 अप्रैल की है। ग्राम छिराही से नंदकुमार वर्मा की बारात ग्राम अमेरा आई थी। शाम करीब 6 बजे जब बाराती वाहन पंचायत भवन के पास खड़े थे, तब स्थानीय आरोपियों ने वहां पहुंचकर बारातियों से शराब पीने के लिए पैसों की मांग की।

### सट्टा खिलाते ...

कोतवाली में छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 6 के तहत अपराध दर्ज किया गया है। फिलहाल पुलिस मामले की विस्तृत विवेचना कर रही है।

## कलेक्टर ने कड़ी मेहनत से लक्ष्य हासिल करने किया प्रेरित, छात्रों ने भी साझा किया अनुभव

# उत्कृष्ट कामयाबी हासिल करने वाले छात्रों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार







शिक्षा सत्र 2025- 26 में जिले के होनहार छात्रों ने 10 वीं और 12 वी कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कक्षा 12 वीं में पलारी के लाल जिज्ञासु वर्मा ने स्टेट टॉपर बनकर इतिहास रचा और जिले का मान बढ़ाया। गुरूवार को जिला प्रशासन द्वारा संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने कक्षा 10 वीं और 12 वीं के 11 मेधावी छात्रों को मोमेंटो और पौधा देकर सम्मानित किया।

कलेक्टर श्री शर्मा ने सभी छात्रों को बधाई और उज्वल भविष्य क़ी शुभकामना देते हुए कहा क़ी आप लोगों क़ी कड़ी मेहनत का परिणाम है कि आज यहां उपस्थित हैं। स्टेट टॉपर बनना अपने और परिवार के गौरव के साथ जिले और राज्य का मान बढ़ाने वाला परिणाम है। उन्होंने कहा कि हमेशा बड़े सपने देखें और उसे पूरा करने में कोई कसर न छोड़ें। आप लोगों ने सपने को सच करने के लिये मजबूत कदम बढ़ा दिया हैं। इसी मजबूती के साथ आगे बढ़े। आपकी कड़ी मेहनत ही आपके हौसलों को मजबूत करेगा।

कलेक्टर श्री शर्मा खरगोश और कछुआ क़ी कहानी का जिक्र करते हुए कहा कि इस कहानी में जीवन का सार निहित हैं। यह हमें ऊर्जा, उत्साह, जूनून और शिथिलता का आभास कराती है। उन्होंने कहा आप स्वयं पर विश्वास रखें, परिवार का हमेशा मार्गदर्शन लेते रहे। अगले 5 से 7 वर्ष क़ी यात्रा आपके लिये संघर्ष और चुनौतियों से सामना करते हुए आगे बढ़ने का है।

इस दौरान कक्षा सरस्वती शिशु मंदिर पलारी के कक्षा 12 वीं 98.60 प्रतिशत के साथ स्टेट टॉपर जिज्ञासु वर्मा,राज्य में 9 वां स्थान प्राप्त शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल कटगी नितेश कुमार देवांगन, जिले में प्रथम स्थान प्राप्त शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल डमरू के छात्र रूपेश कुमार साहू, द्वितीय स्थान प्राप्त हायर सेकेण्डरी स्कूल दतरेंगी सूर्यप्रकाश, तृतीय स्थान प्राप्त स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट योजना अंतर्गत शिवलाल मेहता शासकीय इंग्लिश मीडियम स्कूल भाटापाराके गौरी त्रिवेदी, चतुर्थ स्थान प्राप्त स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट योजना अंतर्गत गुरू घासीदास शासकीय इंग्लिश मीडियम स्कूल कसडोल के अनिशा साहू पंचम स्थान प्राप्त सरस्वती शिशु मंदिर हायर सेकेण्डरी स्कूल कसडोल के छात्र लक्की चौधरी, कक्षा 10 वीं में जिले में प्रथम स्थान प्राप्त गुरूकूल इंग्लिश मीडियम हायर सेकेण्डरी स्कूल बलौदाबाजार क़ी छात्रा ईशा सोनवानी, द्वितीय स्थान प्राप्त प्रगति विद्यालय हायर सेकेण्डरी स्कूल सण्डी के विभा वर्मा, तृतीय स्थान प्राप्त शासकीय गर्ल्स हायर सेकेण्डरी स्कूल भाटापारा अनम फातिमा, चतुर्थ स्थान प्राप्त सेंट थामस हायर सेकेण्डरी स्कूल लवन के सुरभि वर्मा एवं पंचम स्थान प्राप्त शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल कोयदा के मधु एवं वर्धमान विद्या पीठ इंग्लिश मीडियम हायर सेकेण्डरी स्कूल बलौदाबाजार गीतिका वर्मा ने अपने अनुभव साझा क़ी।

जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि इस वर्ष छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित कक्षा 10 वीं का परीक्षा परिणाम 75.53 प्रतिशत एवं कक्षा 12 वी का 78 प्रतिशत रहा।

इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत दिव्या अग्रवाल, डीईओ डॉ संजय गुहे, डीएमसी नरेंद्र वर्मा सहित मेधावी विद्यार्थी एवं उनके अभिभावक उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने 10वीं और 12वीं के टॉपर्स को लंच के लिए किया आमंत्रित



**बलौदाबाजार ।** जिले के होनहार विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने और उनके भविष्य को नई दिशा देने के उद्देश्य से आज कलेक्टर ने हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी परीक्षा के जिले के टॉपर्स को लंच के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने संयुक्त जिला कार्यालय के वेटिंग हाल में किये गए लंच क़ी व्यवस्था में छात्रों के साथ बैठकर भोजन किया। इस खास मुलाकात के दौरान कलेक्टर ने न केवल बच्चों की सफलता की सराहना की, बल्कि उनके करियर के लक्ष्यों और संघर्षों पर भी चर्चा की।

भोजन के दौरान माहौल पूरी तरह अनौपचारिक रहा, जिससे छात्र काफी सहज नजर आए। छात्रों ने बेझिझक अपनी बात बताई।कलेक्टर ने बारी-बारी से सभी छात्रों से उनके पसंदीदा विषयों और भविष्य की योजनाओं के बारे में पूछा। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि लक्ष्य हमेशा अपने दिल और दिमाग़ में रखें और इससे कभी हटने न दें। तैयारी के दौरान कभी कमजोर महसूस हो तो आज के दिन का स्मरण करना कि आप ही हो जो मेहनत से मेधावी छात्र बने थे। संवाद के दौरान कलेक्टर ने छात्रों को कुछ महत्वपूर्ण सुझाव दिए जिसमें करियर का चुनाव अपनी रुचि के अनुसार करें, न कि दबाव में,कड़ी मेहनत के साथ-साथ स्मार्ट वर्क और अनुशासन जरूरी है।

छात्रों के खिले चेहरे- जिले के सर्वोच्च अधिकारी के साथ बैठकर भोजन करना और सीधे संवाद करना विद्यार्थियों के लिए एक यादगार अनुभव रहा। छात्रों ने कहा कि इस मुलाकात से उनका आत्मविश्वास बढ़ा है और अब वे अपने लक्ष्यों को पाने के लिए और अधिक मेहनत करेंगे। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत दिव्या अग्रवाल, जिला शिक्षा अधिकारी डॉ संजय गुहे भी उपस्थित रहे।

### ज्ञानोदय उच्च माध्यमिक विद्यालय हिरमी का शानदार परीक्षा परिणाम

हिरमी रावन। बोर्ड परीक्षा में ज्ञानोदय उच्च माध्यमिक विद्यालय, हिरमी की छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए बाजी मारी है। हाई स्कूल (10वीं) के परिणाम कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा में विद्यालय के कुल 111 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए थे, जिनमें से 98 विद्यार्थियों ने सफलता अर्जित की। सरस्वती साहू ने 600 में से 550 अंक प्राप्त कर 91.66% के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कशिश वैष्णव ने 600 में से 548 अंक प्राप्त कर 91.33% के साथ द्वितीय स्थान बनाया। लक्ष्मी धुरंधर ने 600 में से 545 अंक लेकर 90.83% के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। हायर सेकेंडरी (12वीं) के परिणाम इसी प्रकार कक्षा 12वीं में कुल 95 परीक्षार्थी परीक्षा में बैठे थे, जिनमें से 83 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। कशिश वर्मा ने 500 में से 458 अंक पाकर 91.6% के साथ विद्यालय टॉप किया। चंचल वर्मा ने 500 में से 443 अंक प्राप्त कर 88.6% के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया। देविका देवांगन ने 500 में से 439 अंक पाकर 87.8% के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। शिक्षकों में हर्ष की लहर विद्यार्थियों की इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर शैल वर्मा, सीमा वर्मा, रमा मढरिया, टाकेश्वरी साहू, पूर्णिमा, इन्दूरानी, विजयलक्ष्मी, तमन्ना, नोविता, राधिका, दुर्गा, अजय निर्मलकर, ललित, हरिश, पंकज, नीरज, हेमंत, दिलेश्वर मढरिया एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने खुशी जताते हुए बच्चों को बधाई एवं आशीर्वाद दिया है।

### जिज्ञासु ने बोर्ड परीक्षा में टॉप करने के बताए गुर

**पलारी ।** माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा परीक्षा परिणाम में पलारी के सरस्वती शिशु मंदिर के छात्र जिज्ञासु वर्मा ने 12वी में 98.6 प्रतिशत अंक लेकर छत्तीसगढ़ में टॉप किया है। जिज्ञासु ने प्रेस से चर्चा में बताया की स्कूल में टीचरों का मार्गदर्शन से उन्हें बहुत फायदा मिला तथा माता-पिता के आशीर्वाद से मेहनत की और आज इस मुकाम पर पहुंचा हूं। वह सॉफ्टवेयर इंजीनियर बनकर देश सेवा करना चाहता है। जिज्ञासु ने बच्चों से कहा कि जितनी मेहनत कर सको करो, मेहनत से भागो मत, मेहनत ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने कहा कि सफलता पाने के लिए बहुत कुछ त्यागना पड़ता है जैसे कि मोबाइल का अनावश्यक उपयोग, बेवजह इधर-उधर घूमना और सामाजिक बुराई जो आपके सफलता पर रोड़ा बन सकता है, इसलिये सफल होने के लिए इन बुराइयों को त्यागे।प्राचार्य राकेश तिवारी ने बताया कि जिज्ञाशु केजी क्लास से ही ब्रिलियंट रहा है, उनके अंदर कुछ नया करने का जुनून रहता था और हर बार अपने क्लास में नंबर 1 पर रहता था। लक्ष्या अकेडमी के संचालक भीम यादव ने बताया कि वह अकादमी में अध्ययन करते हुए निरंतर परिश्रम और अनुशासन से रहता था, टेस्ट सीरीज में भी सभी विषय में शीर्ष स्थान प्राप्त कर अपना प्रतिभा का परिचय दिया था हम उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं।



# सुशासन तिहार आज से प्रारम्भ पहला शिविर ग्राम रिसदा में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

- 18 ग्राम पंचायत के लोग होंगे शामिल
- आवेदनों का त्वरित निराकरण के साथ हितग्राही होंगे योजनाओं से लाभान्वित

प्रदेश व्यापी सुशासन तिहार 2026 शनिवार 1 मई से प्रारम्भ होग़ा। इसके अंतर्गत पहला जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर विकासखंड बलौदाबाजार के ग्राम पंचायत रिसदा में आयोजित होग़ा जिसमें ग्राम पंचायत कोकड़ी, पनगांव, मगरचबा, पहंदा, लिमाही, खम्हरिया (च), सकरी, दशरमा, खम्हरिया (यदु), कंजी, भरसेला (नया), चांपा, ठेलकी, पुरेनाखपरी, रिसदा,परसाभदेर, सेम्हराडीह भरुवाडीह के ग्रामीण शामिल होंगे। शिविर प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक चलेगा। शिविर में लोगों से प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण के साथ ही विभिन्न योजनाओं से हितग्राहियों को लाभान्वित भी किया जाएगा।

कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने विभागीय अधिकारियों को शिविर क़ी बेहतर तैयारी करने और विभागीय जानकारी के साथ उपस्थित रहने के निर्देश दिये हैं। शिविर स्थल पर आवेदन पंजीयन केन्द्र होग़ा।पंजीयन काउन्टर हेतु बीईओ, एडीईओ नोडल होगें, कम्प्यूटर प्रिंटर के साथ ऑपरेटर रहेगा, शिविर में जल संचयन की शपथ ली जाएगी। पारंपरिक वेशभूपा में छत्तीसगढ़ी लोक कला, विभागीय योजनाओं एवं जल संचयन एवं संरक्षण आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी होग़ा। हर शिविर में आवेदन पंजीयन केन्द्र,पंचायत विभाग, विद्युत विभाग,शिक्षा विभाग, राजस्व विभाग,खाद्य विभाग, स्वास्थ्य विभाग, आदिवासी विभाग, कौशल उन्नयन विभाग, जिला विधिक सेवा,कषि विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, उद्योग विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, जल संसाधन विभाग, वन विभाग, समाज कल्याण विभाग,खेल विभाग द्वारा स्टॉल लगाए जाएंगे। शिविर में अधिक से अधिक लोगों क़ी उपस्थिति हेतु शिविर आयोजन के पूर्व सभी सम्बधित गांव में मुनादी कराने के निर्देश दिये गए हैं।

# उपभोक्ता आयोग ने विलम्ब से राशि लौटाने पर बैंक को लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

- एटीएम ट्रांजेक्शन फेल, 238 दिन बाद लौटी रकम दो बैंकों पर सेवा में कमी का ठप्पा

बैंक एटीएम से उपभोक्ता को रूपये प्राप्त नहीं हुये परन्तु खाते से राशि काटी गई शिकायत उपरांत 238 दिवस विलम्ब पश्चात राशि उपभोक्ता के खाते में जमा किये जाने के मामले में उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बलौदाबाजार द्वारा पंजाब नेशनल बैंक शाखा भाटापारा एवं भारतीय स्टेट बैंक शाखा भाटापारा को सेवा में कमी एवं व्यावसायिक कदाचरण का दोषी माना। आर.बी.आई की गाइडलाइन अनुसार क्षतिपूर्ति राशि 23,300 एवं उपभोक्ता को मानसिक आर्थिक क्षतिपूर्ति हेतु राशि 5000 तथा वाद-व्यय हेतु 3000 रूपये प्रदाय किये जाने का आदेश किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार भाटापारा निवासी उपभोक्ता राहुल साहू ने भारतीय स्टेट बैंक के एटीएम से 10000 रूपये निकालने के लिए पंजाब नेशनल बैंक का अपना एटीएम. कार्ड स्वाईप कर पासवर्ड डाला परंतु नगद रकम प्राप्त नहीं हुई व खाते से 10000. रूपये काट दिये गये परिवादी का खाता पंजाब नेशनल बैंक में था जिसकी जानकारी उसने अपने बैंक को दी अन्य अधिकारियो एवं संस्था में शिकायत किया लगभग 9 माह पश्चात राशि वापस प्राप्त हुई, अत्याधिक विलम्ब से राशि प्राप्त होने पर क्षतिपूर्ति राशि प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन दोनों बैंको व अधिकारियों एवं संस्था के समक्ष दिया गया परन्तु कोई संतोषप्रद उत्तर प्रदाय नहीं किये जाने पर परिवादी द्वारा जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बलौदाबाजार में परिवाद प्रस्तुत किया गया।

आयोग की अध्यक्ष रंजना दत्ता एवं सदस्यगण हरजीत सिंह चांवला व शारदा सोनी ने प्रस्तुत दस्तावेजों एवं संबंधित नियम, गाइडलाइन आदि का सूक्ष्मता से अध्ययन कर पाया कि उक्त दोनों बैंको द्वारा परिवादी के खाते में फैल्ड ट्रांजक्शन की राशि वापस करने में कुल 238 दिवस का विलम्ब किया गया है जिससे परिवादी के प्रति सेवा में कमी एवं व्यावसायिक कदाचरण का कृत्य किया जाना प्रमाणित पाया गया।

# एआई जनरेटेड वीडियो के जरिए भूपेश बघेल की छवि बिगाड़ने की साजिश : सुशील शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा



प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि एवं पूर्व मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा ने विगत दिनों सोशल मीडिया में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के विरुद्ध एआई जनरेटेड वाइलर वीडियो को भाजपा सरकार की घृणित साज़िश करार दिया है। उन्होंने कहा की पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की लोकप्रियता और भाजपा सरकार की गलत नीतियों के खिलाफ उनके द्वारा जनहित में उठाये गये मुद्दों से घबराकर भूपेश बघेल की छवि को खराब करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा भूपेश बघेल की आक्रामक छवि के चलते जनता जनार्दन उन्हें देखने और सुनने भारी तादात में आने लगे हैं। भूपेश बघेल को बदनाम करने ए आई जनरेटेड वीडियो वाइलर किया है, जिसकी हम निंदा करते हैं, सरकार तत्काल संज्ञान में लेकर ए आई के दुरुपयोग करने वालों के खिलाफ कठोर कार्यवाही करें।

### वायरल वीडियो पर कार्रवाई की मांग

सुशील शर्मा ने कहा की भूपेश बघेल के नेतृत्व में कांग्रेस शासन काल के समय छत्तीसगढ़ की जनता जनार्दन के हित में अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई गई थी और पूरे पांच वर्षों तक राज्य के सभी वर्गों के लोगों को ध्यान में रखकर कार्य किया गया था। पूर्व कृषि मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के ख़िलाफ़ ए आई जनरेटेड वीडियो सोशल मीडिया में वाइलर किया गया है ऐसे तत्वों के ख़िलाफ़ कार्रवाई की मांग की है।

# वन्यजीवों के लिए 'वॉटर मैनेजमेंट' का मास्टर प्लान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



बारनवापारा वन्यजीव अभयारण्य में बढ़ते ग्रीष्मकालीन तापमान और प्राकृतिक जल स्त्रोतों पर बढ़ते दबाव को ध्यान में रखते हुए जल प्रबंधन के क्षेत्र में एक प्रभावी और जमीनी स्तर पर आधारित पहल की गई है। वन्यजीवों के लिए लगातार पानी उपलब्ध्य रहे, इसे प्राथमिकता में रखते हुए अभ्यारण्य में एक समन्वित और व्यावहारिक प्रणाली विकसित की गई है, जिसमें मानचित्रण, निगरानी, गुणवत्ता परीक्षण और आवश्यकतानुसार प्रयास शामिल हैं।

अभयारण्य क्षेत्र में जल स्त्रोतों का विस्तृत मानचित्रण किया गया है, जिससे पूरे क्षेत्र में पानी की उपलब्धता की स्पष्ट जानकारी प्राप्त हो सके। सम्पूर्ण अभयारण्य में वन्य प्राणियों के जल आपूर्ति हेतु तालाब, स्टॉप डैम, वॉटरहोल और सॉसर सहित लगभग 240 से अधिक जल स्त्रोतों को चिन्हित कर उनकी निगरानी की जा रही है। प्रत्येक 15 दिनों में इन जल स्त्रोतों की स्थिति का आकलन किया जा रहा है और यह सुनिश्चित किया गया है कि प्रत्येक 5 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में पानी उपलब्ध्य रहे। इस प्रक्रिया के माध्यम से उन स्थानों की भी पहचान की गई है जहाँ पानी का स्तर कम हो रहा है, ताकि समय रहते आवश्यक कदम उठाए जा सकें।मैदानी स्तर पर नियमित निगरानी इस पूरी व्यवस्था की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी है। स्टाफ गेज के माध्यम से जल स्तर का आकलन कर जल स्त्रोतों को उनकी स्थिति के अनुसार अलग-अलग श्रेणियों में रखा गया है, जिससे प्राथमिकता तय कर प्रभावी जल प्रबंधन किया जा सके। इससे यह संभव हो पाया है कि जल स्त्रोतों में गिरावट को समय रहते पहचान कर तुरंत कार्रवाई की जा सके।

वन्यप्राणियो के लिए जल की उपलब्धता के साथ-साथ गुणवत्तायुक्त पानी पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। पी एच और टीडीएस जैसे मानकों का परीक्षण कर यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि पानी वन्यजीवों के लिए सुरक्षित और उपयुक्त हो। प्रत्येक जल स्त्रोतों का जियो-टैगिंग और समय आधारित डेटा संकलन के माध्यम से निगरानी प्रणाली को और अधिक सटीक और जवाबदेह बनाया गया है।जहाँ प्राकृतिक जल स्त्रोतों में कमी पाई गई, वहां टैंकर के माध्यम से पानी पहुंचाकर स्थिति को संतुलित किया गया। लगभग 25-30 ऐसे महत्वपूर्ण स्थानों की पहचान कर वहां नियमित रूप से पानी की आपूर्ति की गई, जिससे गर्मी के समय में भी वन्यजीवों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

वन्यजीवों के समग्र स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए अभयारण्य में विभिन्न स्थानों पर साल्ट लिक भी बनाए गए हैं।

### संकुल केंद्र दतरेंगी में शिक्षकों की विदाई सह -सम्मान

**भाटापारा।** संकुल केंद्र दतरेंगी में अधिवर्षिकी पूर्ण कर चुके प्राचार्य ज्योतिष राम वर्मा, शहीद संतोष ध्रुव शास उच्च. माध्य. विद्यालय दतरेंगी एवं शिक्षक जगन्नाथ प्रसाद वर्मा पूर्व माध्य. शाला दतरेंगी का विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन संकुल स्तर पर किया गया। आयोजन हेतु संकुल के समस्त शिक्षक/शिक्षिकाओं का योगदान सराहनीय रहा। इस अवसर पर संकुल प्राचार्य टुपेन्द्र शर्मा, समन्वयक टीकाराम साहू एवं संकुल के समस्त व्याख्याता प्रधान पाठक तथा शिक्षक/ शिक्षिकाएं उपस्थित थी। मंच का सफल संचालन आजूराम वर्मा एवं मनीष तिवारी द्वारा किया गया।




HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बावासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130


छत्तीसगढ़ जनसंपर्क
सुशासन तिहार 2026
1 मई से 10 जून
सुशासन तिहार
सुशासन तिहार के माध्यम से पारदर्शी और जवाबदेह प्रशासन को और सशक्त किया जा रहा है।
माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय
के नेतृत्व में 1 मई से 10 जून 2026 तक आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाएगा।
आईए, इस जनअभियान से जुड़े।
सुशासन तिहार आज से प्रारम्भ, पहला शिविर ग्राम रिसदा में, 18 ग्राम पंचायत के लोग होंगे शामिल आवेदनों का त्वरित निराकरण के साथ हितग्राही होंगे योजनाओं से लाभान्वित
शिविर प्रात: 10 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक
मान. विष्णु देव साय जी
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
मान. टंकराम वर्मा
मंत्री - राजस्व एवं आपदा प्रबंधन
पुनर्वास, उच्च शिक्षा, छ.ग. शासन


जीवेत शरदः शतम्
छत्तीसगढ़ के जन नेता
मा. बृजमोहन अग्रवाल जी
(सांसद- लोकसभा रायपुर)
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई..!
शुभकामनाएँ..!
01 मई
मा. बृजमोहन अग्रवाल जी
(सांसद- लोकसभा रायपुर)
मान. टंकराम वर्मा
मंत्री - राजस्व एवं आपदा प्रबंधन
पुनर्वास, उच्च शिक्षा, छ.ग. शासन

## खबर संक्षेप



### पूर्व विधायक शिवरतन से मिले पार्टी के कार्यकर्ता

**भाटापारा।** पश्चिम बंगाल के संगठनात्मक प्रवास से लौटने के पश्चात सुभाष वार्ड स्थित निवास कार्यालय में भाजपा के पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा से भेंट किए। इस अवसर पर जिला पंचायत सभापति श्रीकांत राजा जायसवाल, भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष पवन वर्मा सहित मंडल के समस्त पदाधिकारी नपा अध्यक्ष अश्वनी शर्मा, अविनाश शर्मा, सविता प्रदीप अनंत, उपाध्यक्ष भोलाराम वर्मा, डब्लू सिंह ठाकुर, खुमान सिंह वर्मा, ठाकुर राम साहू, पीलू राम, रवि ऑडील, रोहित वर्मा, दिनेश वर्मा, रोहित साहू, प्रमोद मोदी निषाद, गोलू देवांगन, संतोष साहू, प्यारे रजक, बाहेरिक यदु, विजय वर्मा, शुभम पांडे, डॉ. रामबिहारी वर्मा, हिमित वर्मा, बादल धीवर, दुखहरण वैष्णव सहित ग्रामीण मंडल के सदस्य शामिल थे।

### खिलेश्वरी ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**पलारी।** खिलेश्वरी साहू पिता राजकुमार ग्राम मुड़पार संडी निवासी शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल गोडा में कक्षा 12 वीं में 78% प्रतिशत अंक प्राप्त किए। खिलेश्वरी ने बताया कि अपने माता पिता के साथ शिक्षकों का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ है। वे सरपंच ग्राम पंचायत बिनौरी किरण सनकुमार साहू के भतीजी है, उन्होंने उनकी उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



### अर्जुनी में स्कूल के अहाता निर्माण का भूमिपूजन



**अर्जुनी।** ग्राम पंचायत अर्जुनी के शासकीय हाईस्कूल में 10 लाख की लागत से बनने वाले आहाता निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। उक्त निर्माण कार्य का भूमिपूजन जिला पंचायत सभापति गीता डोमन वर्मा द्वारा किया गया। अहाता निर्माण कार्य भूमिपूजन कार्यक्रम में जिला पंचायत सभापति ईशान वैष्णव जनपद पंचायत बलौदाबाजार सभापति, वेदेश्वरी त्रिलोक यादव, सरपंच कविता भगेला ध्रुव, उपसरपंच विष्णु साहू, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि डोमन लाल वर्मा, भगेला ध्रुव, जनपद प्रतिनिधि त्रिलोक यादव, सचिव राजेश साहू, पंचगण राधेश्याम साहू, प्रेमचंद वर्मा, कन्हैया कटारे, सचिन सोनी, रूपेश वर्मा, राजू रजक, शाला विकास समिति अध्यक्ष चित्ररेखा साहू, प्राचार्य अवधेश वर्मा. गंगाप्रसाद यदु. सेवानिवृत्त शिक्षक सुखराम ध्रुव, जीवन साहू व शाला के शिक्षकगण एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### आपदा पीड़ित परिवार को 4 लाख की आर्थिक सहायता

**बलौदाबाजार** । प्राकृतिक आपदा से मृत परिवार के निकट परिजन के लिए जिला प्रशासन द्वारा 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने राजस्व पुस्तक परिपत्र की धारा 6-4 के तहत ये स्वीकृतियां प्रदान की हैं। जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ति परिजन दुलारी बाई के पति मोजीराम साहू निवासी ग्राम ओड़ान तहसील पलारी की मृत्यु लू लगने के कारण हो गई थी। कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदार को आरटीजीएस के जरिये पीड़ति के खाते में राशि जमा करने के निर्देश दिये हैं।

### कोचिया के कब्जे से 180 पौवा देशी शराब जब्त

**रायपुर।** तिल्दा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक शराब कोचिया को शराब बेचते रंगे हाथ गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 180 पौवा देशी शराब जब्त कर शराब बिक्री के नौ सौ रुपए जब्त किए हैं। शराब बेचने के आरोप में पुलिस ने पूरन लाल वर्मा को गिरफ्तार किया है।

---

## परिणाम : दीक्षा जायसवाल बनीं टॉपर, प्राचार्य एवं शिक्षकों ने दी बधाई

# स्वामी आत्मानंद स्कूल बिलाईगढ़ का बोर्ड परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम विद्यालय (सेजेस) बिलाईगढ़ ने वर्ष 2026 की बोर्ड परीक्षाओं में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए क्षेत्र में अलग पहचान बनाई है। विद्यालय का कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम 96.49 प्रतिशत तथा कक्षा 10वीं का परिणाम 91.52 प्रतिशत दर्ज किया गया, जो इसकी शैक्षणिक गुणवत्ता को दर्शाता है।

कक्षा 12वीं के परिणाम विशेष रूप से उल्लेखनीय रहे। इस वर्ष दीक्षा जायसवाल ने 97 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। उन्हें 10 अंक उल्लास के रूप में





अतिरिक्त मिले, हालांकि टॉप-टेन सूची में इन अंकों को शामिल नहीं किया गया, जिसके कारण वे औपचारिक सूची में स्थान नहीं बना सकीं। इसके बावजूद उनका प्रदर्शन प्रेरणादायक रहा।

अन्य मेधावी छात्रों में तुलसी ने 91.4 प्रतिशत के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया। मानसी 89.2% तीसरे, कीर्तिलता 88.6% चौथे, अनुष्का 86.8% पांचवें स्थान पर रहीं। वहीं अंजली जाटवर एवं हर्षिता 86.2% संयुक्त रूप से छठे, शशांक 86% सातवें, प्रीति साहू 84.4% आठवें, उमा 83.4% नवें और मान्यता 83.2% दसवें स्थान पर रहीं।

कक्षा 10वीं में भी छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रियांशु ने 85.66 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि इशांत 85.33% दूसरे, पिंकी सात्रे 83.83% तीसरे, प्रियांशी साहू 3%) चौथे और गरिमा खटकर 82.5% पांचवें स्थान पर रहीं। प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाओं तथा अभिभावकों ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### मोनेश ने दसवीं में हासिल किया 91.6 प्रतिशत अंक

**पलारी।** नगर पंचायत रोहांसी के छात्र मोनेश साहू पिता तुलसी राम, माता हेमलता साहू ने 10वीं कक्षा की परीक्षा में 91.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर परिवार व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। वह गंगाराम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रोहांसी में प्रथम स्थान हासिल किया है। उनकी इस शानदार उपलब्धि से परिवार सहित पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। मोनेश साहू के परिवारजनों ने बताया कि वह बचपन से ही मेधावी और होनहार छात्र रहा है, जो कि पहले भी अपनी कक्षा में बेहतर स्थान प्राप्त ते आया है। न्होंने कहा कि यह उसकी मेहनत, लगन और अनुशासन का परिणाम है। मोनेश की इस उपलब्धि ने अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा का कार्य किया है। उनकी इस सफलता पर पुनीत राम साहू, बीसवंतीन साहू, लालबहादुर साहू, केशव साहू, टोमन साहू, रुखमणी साहू, भूनेश्वरी साहू, नीलम साहू, वरुण, दुर्गा, सागर, लीना, सोमेश, चंद्रशेखर, भावेश, वसुंधरा, हरिशंकर साहू सहित विद्यालय शिक्षक, जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक जनों ने हर्ष व्यक्त करते हुए मोनेश को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।



### मोहतरा स्कूल में बालिकाओं ने मारी बाजी, स्कूल को गौरवान्वित किया



**सेल/कसडोल।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहतरा में हायर सेकंडरी परीक्षा कक्षा 10वी में प्रमिला बघेल ने 81.6% प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर सुमन 80.5%, तथा राधा ने 79.5% के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं हाई स्कूल परीक्षा कक्षा 12वी में रश्मि एवं यशोदा ने 86.4% प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। पूजा 85.8% द्वितीय एवं मंजू ने 83% अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त कर इन छात्राओं ने विद्यालय परिवार को गौरवंतित किया। इसी प्रकार कक्षा 9वी में कुमारी कल्याणी सागर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान में भावना साहू रही। कक्षा 11वी में प्रथम स्थान पर सुमित कुमार एवं दयाशंकर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। बच्चों की इस उपलब्धि के लिए विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने उनके उज्ज्वल भविष्य कामना की। प्राचार्य चुरामणी साहू ने बच्चों को पढ़ाई के महत्व को बताया एवं सभी को शुभकामनाएं प्रदान की एवं असफल हुए छात्र-छात्राओं को पुनः सफल होने हेतु प्रयास करने हेतु प्रेरित कर उनका मनोबल बढ़ाया। इस अवसर पर राजू बसोड़, कुसुम कुमारी जायसवाल, फुलवा खूंटे, देवेंद्र खुंटे, नीलिमा साहू, उर्वशी मोहन आदि स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।

### 12वीं में अमन ने हासिल किया 93.4 प्रतिशत अंक

**पलारी।** ठेलकी निवासी पूर्व जनपद सदस्य जितेंद्र यदु के सुपुत्र अमन कुमार यदु सरस्वती शिशु मंदिर के 12वीं के छात्र ने हाल ही में हुए घोषित परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर माता पिता और विद्यालय तथा अंचल का नाम रोशन किया है। अमन कुमार यदु कक्षा 12वीं विषय बायोलॉजी में 93.4 प्रतिशत अंक हासिल किया है। विद्यालय के प्राचार्य ने बताया कि अमन शुरू से ही विद्यालय होनहार स्टूडेंट रहा है। उनके पिता ने जानकारी दी कि उनका पुत्र पिछली बार 10वीं में मात्र 2 अंक से टॉप टेन आने से चूक गए थे।



### प्रतिभा ने 12 वीं में 95.2% के साथ रचा इतिहास

**मुड़पार सरसींवा।** सरसींवा नगर की शैक्षणिक धरा पर इस वर्ष एक ऐसी उपलब्धि दर्ज हुई है, जिसने न केवल विद्यालय बल्कि पूरे अंचल को गौरव के उजाले से भर दिया है। सरस्वती शिशु मंदिर सरसींवा की मेधावी छात्रा प्रतिभा दीवान ने कक्षा 12वीं (गणित संकाय) में 95.2% अंक अर्जित कर शाला में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया और अपने नाम के अनुरूप सचमुच प्रतिभा का परचम लहरा दिया। प्रतिभा धनेश्वर धर दीवान की सुपुत्री हैं। इस उपलब्धि का श्रेय अपने चाचा पत्रकार प्रकाश धर दीवान को दिया है इनके प्रेरणा और मार्गदर्शन से प्रतिभा को यह सफलता मिली।



### प्राथमिक स्कूल में उत्तीर्ण छात्रों की अंकसूची वितरित

**रवान।** शासकीय प्राथमिक विद्यालय भरसेला बड़ा में विद्यार्थियों को परीक्षा परिणाम की जानकारी दी गई और कक्षा 1 से 4 तक अंक सूची वितरण किया गया है। बच्चे अपने परीक्षा परिणाम जानकार मुस्कुराते हुए दिखे। प्रधान पाठक डॉ. कमलेश कुमार सेन ने बताया कि कक्षा 5वीं के विद्यार्थियों का इंतजार आज खत्म हो गया है। राज्य शिक्षा केंद्र और स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा दोनों कक्षाओं का परीक्षा परिणाम गुरुवार दोपहर 12 बजे घोषित कर दिया, जिसका छात्र और अभिभावक बेसब्री से इंतजार कर रहे थे, हालांकि परिणाम बता दिया गया है। अंकसूची अगले हफ्ते तक वितरण कर सकते हैं।



### शिशु मंदिर बरदा के 26 छात्र 12वीं की परीक्षा में प्रथम

**मुंडा।** हायर सेकंडरी स्कूल बरदा में जारी 12वीं कक्षा के परिणाम में विद्यादायिनी शिशु मंदिर बरदा में कुल 32 छात्र अध्यनरत थे, जिसमें 26 छात्र प्रथम श्रेणी में आए। इसमें 17 छात्राएं 9 छात्र शामिल है, जिसमें प्रथम स्थान तरुणा वर्मा 86.6 प्रतिशत, मनीषा यादव 86.2 प्रतिशत, डिना बघेल 82.6, मेनका 78%, प्रीति पैकरा 77 प्रतिशत, पूर्णिमा वर्मा 76.2 प्रतिशत, भारती यादव 73.1 प्रतिशत, गौरी वर्मा 71%, गीतांजलि 71% , दक्षेश्वरी 71%, रेणुका तिवारी 66%, धनेश्वरी वर्मा 68%, दामिनी वर्मा 60%, गोविंद वर्मा 84 प्रतिशत, उज्वल धतलहरे 84%, सुमित वर्मा 82%, विनोद कुमार 82%, जितेश्वर वर्मा 74%, शंभू वर्मा 770%, साहिल वर्मा 69%, अंशु जांगड़े 65%, हूर्षेंद्र वर्मा 66%, लेखू वर्मा 60% हासिल किया। इस उपलब्धि पर सरपंच देव कुमारी दुकालू बंजारे, प्रधान पाठक भिजराम वर्मा, शिक्षक पारथ नाथ वर्मा, पापू राम वर्मा, मनोज कुमार वर्मा, किरीत वर्मा, आरक्षक मूखित यादव, सोसाइटी अध्यक्ष गिरधारी वर्मा, पंच विशवा वर्मा, लखन वर्मा, अच्छे वर्मा, मनोज वर्मा, उत्तम वर्मा सहित विद्यादायनी शिशु मंदिर के प्राचार्य पुष्पेंद्र वर्मा, प्रधान आचार्य हरि साहू ने सभी छात्र-छात्राओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन से गर्व व्यक्त किया ।

### मोनिका ने रचा सफलता का इतिहास 12वीं बोर्ड में 92.6% अंक हासिल किया

**खरोरा।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय असौंदा की छात्रा मोनिका वर्मा ने हायर सेकंडरी परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 500 में से 463 अंक प्राप्त कर 92.6 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय में श्रेष्ठ स्थान अर्जित किया है। ग्राम असौंदा की इस होनहार बेटी ने अपनी मेहनत, लगन और अनुशासन के बल पर न केवल अपने विद्यालय बल्कि पूरे गांव एवं विकासखंड तिल्दा का गौरव बढ़ाया है।अपनी सफलता के पीछे मोनिका वर्मा ने अपने माता-पिता के आशीर्वाद, विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन को सबसे बड़ा योगदान बताया। उन्होंने कहा कि नियमित अध्ययन, शिक्षकों के सहयोग और परिवार के सतत प्रोत्साहन से यह उपलब्धि संभव हो सकी। उल्लेखनीय है कि मोनिका वर्मा ने इससे पूर्व दो वर्ष पहले कक्षा दसवीं की परीक्षा में भी 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया था, जिससे उनकी प्रतिभा पहले ही सिद्ध हो चुकी थी।मोनिका ने अपनी इस सफलता को भविष्य की बड़ी उड़ान की शुरुआत बताते हुए इंजीनियरिंग के क्षेत्र में आगे बढ़ने की इच्छा व्यक्त की है। उनका सपना है कि उच्च तकनीकी शिक्षा प्राप्त कर वे इंजीनियर बनें और अपने परिवार, गांव तथा क्षेत्र का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित करें। प्राचार्य खिलेश्वर कुमार जायसवाल सहित समस्त शिक्षकगणों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। वहीं पिता सुनील कुमार वर्मा, माता योगेश्वरी वर्मा, दादा थानूराम वर्मा, दादी उमा वर्मा तथा मामा धीरेंद्र कुमार वर्मा सहित समस्त परिवारजनों ने हर्ष व्यक्त किया।



## संत थोमस स्कूल की छात्रा सुरभि ने 10वीं में प्राप्त किए 96 प्रतिशत अंक

**बगबुड़ा।** दसवीं बारहवीं बोर्ड परीक्षा में संत थोमस स्कूल लवन का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल (सीजीबीएसई) ने बुधवार को दसवीं और बारहवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए, जिसमें संत थोमस स्कूल लवन के सुरभि वर्मा ने 10 वीं बोर्ड की परीक्षा में 96 प्रतिशत प्राप्त किए।

जिले के टॉप टेन विद्यार्थियों में तीसरे स्थान प्राप्त कर बलौदाबाजार जिला साहिल लवन अंचल को गौरवान्वित किया है, जिसे कलेक्टर कुलदीप शर्मा, डी ई ओ संजय गुहे और सीईओ दिव्या अग्रवाल ने संत थोमस स्कूल लवन के प्राचार्य शाजी थॉमस और उनके अभिभावक शैलेन्द्र वर्मा के उपस्थिति में ट्रॉफी देकर सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

छत्तीसगढ़ बोर्ड परीक्षा में संत थोमस स्कूल लवन का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा।जहां छात्राओं ने छात्रों से बाजी मारी, दसवीं बोर्ड के परीक्षा में सुरभि वर्मा ने 96 हासिल कर स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया वहीं बलौदाबाजार जिले के टॉप टेन विद्यार्थियों की श्रेणी में तीसरे स्थान पर रही, दूसरे स्थान पर नीलू कैवर्त 95, तीसरे स्थान पर संयुक्त रूप से तीक्षा कुर्रे 93.17, और नादेश्री यादव 93.17 रही, चतुर्थ स्थान पर खोजेस्वरी वर्मा 91.8, पंचम स्थान पर संयुक्त रूप से खुशबू पात्रे 89.8 और यावंती जायसवाल 89.8 रही, छठा स्थान पर साक्षी साहू 89.3, सातवें स्थान पर सानिया रात्रे 87.5, आठवें स्थान पर अदिति कुर्रे 87, नव्वे स्थान पर संयुक्त रूप से दीपांशु राते 86.7 और तमन्ना निराला 86.7 रहे और दसवें स्थान पर संयुक्त रूप से भुनेश कुमार वर्मा 86.3 और मयंक बार्वे 86.3 रहे। इस प्रकार कुल 38 छात्र-छात्राओं में से 35 बच्चे प्रथम श्रेणी में, एवं 3 बच्चे द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए जिससे दसवीं का परिणाम शत प्रतिशत रहा। वहीं बारहवीं बोर्ड के परीक्षा में शिवांगी साहू ने 89.4/ हासिल कर प्रथम स्थान प्राप्त किया, द्वितीय स्थान पर विवेक राय 86/, तृतीय स्थान पर गीतांजलि वर्मा 85.6, चतुर्थ स्थान पर संयुक्त रूप से काजल वर्मा 85.4 दुर्गा वर्मा 85.4 और खिलेश्वरी साहू 85.4 रही पंचम स्थान पर आलोक टंडन 84.6, छठा स्थान पर संयुक्त रूप से हनी साहू 84.4 और लीसा कैवर्त 84.4 रही, सातवें स्थान पर हाजरा परवीन 82.8 रही, आठवें स्थान पर लालिमा वर्मा 81.8 रही, नौवें स्थान पर भूमिका साहू 80.6 रही, और दसवें स्थान पर समीक्षा श्रीवास 80.2 रही। इस प्रकार कुल 37 बच्चों में से 36 बच्चे प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए वहीं 1बच्चे द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए जिससे बारहवीं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। आपको बता दें कि संत थोमस स्कूल, लवन अंचल का एक प्रतिष्ठित स्कूल है, जहां पर अध्यापन, खेलकूद, एवं अनेक सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया जाता है, जिससे बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके। इस अवसर पर स्कूल के प्राचार्य शाजी थॉमस ने कहा कि बच्चों के उत्कृष्ठ प्रदर्शन, विद्यार्थियों, शिक्षक-शिक्षिकाओं,एवं बच्चों के अभिभावकों के परिश्रम का फल है।




### 12वीं के टॉपर जिज्ञासु वर्मा और शमीर वर्मा को कुर्मी समाज ने किया सम्मान

**पलारी।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल व्दारा घोषित परिणाम मे राज्य स्तर मे प्रथम स्थान प्राप्त कर समाज मे एवं अपने माता पिता का नाम रोशन करने वाले विशेष रुप से जिज्ञासु वर्मा कक्षा12 वी में 98.60 प्रतिशत एवं शमीर वर्मा को दसवी में 95.15 प्रतिशत प्राप्त होने पर उनके घर पहुँच कर छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के केन्द्रीय अध्यक्ष खोड़सराम कश्यप, राज्य सभा सांसद लक्ष्मी वर्मा, एवं पलारी राज के राज प्रधान रामखिलावन वर्मा पूर्व केन्द्रीय अध्यक्ष विपीनबिहारी वर्मा, पलारी राज के संरक्षक तेजराम वर्मा, केन्द्रीय मिडिया प्रभारी शेखर वर्मा, टेकराम वर्मा, कोषाध्यक्ष मंतराम वर्मा, हुलास वर्मा, यशवर्धन वर्मा पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष पलारी, तुका राम वर्मा मिडिया प्रभारी पलारी राज, पवन वर्मा मंडल अध्यक्ष पलारी, कार्तिक राम वर्मा राजमंत्री, डागेश्वर, सेवराम वर्मा, संरक्षक रघुनंदन लाल वर्मा, पूर्व जनपद पलारी अध्यक्ष खिलेन्द्र वर्मा, इन्द्रदेव वर्मा, अक्षर अग्रवाल आदि भारी संख्या मे समाज के गणमान्य जनो के द्वारा दोनों बच्चों को समाज के लोगों के द्वारा मिलकर बधाई दिये एवं लगातार बधाई संदेश मिलने का सिलसिला जब से परिणाम आये है तब से लगातार प्रिंट मिडिया हर वर्ग के लोग बधाई दे रहे।



### स्वामी आत्मानंद स्कूल भटगांव की वार्षिक परिणाम घोषित

**भटगांव।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय भटगांव में स्थानीय परीक्षा परिणाम घोषित कर विद्यार्थियों को प्रगति पत्र प्रदान किया गया। कक्षा पहली से चौथी, छठवी, सातवी, नवमी, ग्यारहवी तक परीक्षा परिणाम में सभी बच्चों ने उत्कृष्ट ग्रेड हासिल किए। परीक्षा परिणाम के संबंध में प्रभारी प्राचार्य प्रियतम भारद्वाज ने बताया कि परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। परिक्षा परिणाम घोषित करने के बाद बच्चों के मनोबल बढ़ाने हेतु सुरेश रघु अध्यक्ष शाला विकास एवं प्रबंधन समिति स्वामिआत्मानंद स्कूल भटगांव एवं प्रियतम भारद्वाज प्राचार्य द्वारा बच्चों को मोटिवेट करते हुए कहा कि विद्यार्थी को निरंतर मेहनत करते हुए आगे बढ़ते रहना चाहिए और कठिन परिश्रम करने को कहा साथ ही उत्कृष्ट परिणाम लाने वाले अपने क्लास में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पाने वाले सभी बच्चों को मैडल, पेन भेट कर सम्मानित किए और भविष्य में निरंतर आगे बढ़ने की शुभकामनाएं दिए। पालकों को बच्चों के साथ अधिक समय बिताने को कहा। वहीं आज गुरुवार 30 अप्रैल को सत्र 2025-26 के वार्षिक परिक्षा परिणाम घोषित किया गया। कक्षा पहली से चौथी छठवीं सातवीं नवमी और ग्यारहवीं अंग्रेजी माध्यम के परिणाम जारी किए गए। इस कार्यक्रम में सुरेश रघु अध्यक्ष शाला विकास एवं प्रबंधन समिति स्वामी आत्मानंद स्कूल भटगांव प्रियतम भारद्वाज प्राचार्य, चिन्मयी तृप्ति मिश्रा, सह प्राचार्य (इंग्लिश मीडियम) स्वामी आत्मानंद स्कूल भटगांव स्कूल के समस्त टीचर, छात्र-छात्राएं, पालकगण उपस्थित थे।



### किसान की बेटी हेमलता को टॉप टेन में मिला पांचवां स्थान

**खरोरा।** देवांगन शासकीय हिंदी/अंग्रेजी माध्यम विद्यालय की छात्रा हेमलता साहू ने हायर सेकंडरी स्कूल परीक्षा में 500 में से 487 अंक प्राप्त कर प्रदेश की टॉप-10 सूची में पांचवां स्थान हासिल कर पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। ग्राम नहरडीह की इस मेधावी बेटी की सफलता से विद्यालय, परिवार एवं क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल है। हेमलता साहू के पिता भेखलाल साहू ग्राम पंचायत नहरडीह के पूर्व सरपंच एवं किसान हैं, जबकि माता भानूलता साहू गृहणी हैं। साधारण ग्रामीण परिवेश से निकलकर हेमलता ने अपनी मेहनत, अनुशासन और लगन के बल पर यह असाधारण उपलब्धि हासिल की है। पढ़ाई के साथ चित्रकारी और गायन में विशेष रुचि रखने वाली हेमलता का लक्ष्य शिक्षक बनकर समाज को नई दिशा देना है। उनकी सफलता पर क्षेत्र के विधायक अनुज शर्मा ने बिटिया को हार्दिक बधाई देते हुए इसे पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का क्षण बताया। वहीं जनपद पंचायत तिल्दा के अध्यक्ष टिकेश्वर मनहरे ने भी हेमलता की इस उपलब्धि पर शुभकामनाएं प्रेषित कीं। ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष पूरन साहू और सरपंच अनिल कुमार सायतोड़े हेमलता से पूछा कि उन्हें उपहार स्वरूप क्या चाहिए, तो कहा हमारे क्षेत्र से शराब भट्टी हटाया जाए, यही मेरे लिए सबसे बड़ा उपहार होगा। हेमलता के इस जवाब ने सभी को भावुक कर दिया और यह साबित कर दिया कि आज की युवा पीढ़ी केवल व्यक्तिगत सफलता ही नहीं, बल्कि समाज सुधार की सोच भी रखती है। हेमलता की यह उपलब्धि शिक्षा, संस्कार और सामाजिक जिम्मेदारी का अद्भुत उदाहरण बनकर सामने आई है। उनकी सफलता और सामाजिक संदेश ने पूरे क्षेत्र के विद्यार्थियों एवं युवाओं को नई प्रेरणा प्रदान की है।



---

## बाजारों में सब्जियों के दाम भी बढ़े और बढ़ने की आशंका

# बढ़ती गर्मी में दम तोड़ रहा वाटर लेबल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

तेज गर्मी व लगातार गिरते वाटर लेबल से पानी की किल्लत हो रही है। वहीं वाटर लेबल गिरने की वजह से बोर पंप भी बंद हो रहे हैं और पानी की जगह केवल हवा फेकना शुरू कर दिया है। इसके चलते सब्जी उत्पादकों को काफी फरेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

पानी की कमी के चलते अब बाजार में सब्जियों के दाम भी बढ़ने शुरू हो गए हैं, अभी सब्जी बाजार की स्थिति देखें तो जो टमाटर 10 रूपए किलो बिक रहा था, वह अभी फसल की कमी के चलते 40 रूपये जा पहुंचा है। वहीं सब्जी विक्रेता आगे इसके और रेट बढ़ने की संभावना को बता रहे हैं। क्योंकि इन सब्जी की फसलों को 24 घंटे में दो बार पानी की आवश्यकता होती है। वहीं लोकल सब्जी उत्पादक भीषण गर्मी और पानी की कमी के चलते इसका असर सब्जी के उत्पादन पर पड़ रहा है। टमाटर के अलावा अन्य सब्जियां जो 40 रूपये में बिक रही है, वहीं इस तरह की गर्मी का रूख कब तक रहता है और लगातार पड़ रही भीषण गर्मी के चलते पानी लेबल सुबह शाम उतर रहा है, वहीं बाजार में गोभी, पत्तागोभी, भिंडी, बरबट्टी के अलावा अन्य सब्जियों की आवक कम हो गई है। सब्जी विक्रेता राजेश दुबे, विष्णु का कहना है कि लोकल बाड़ी से आने वाली सब्जियों की आवक पिछले एक सप्ताह से घट रही है। अभी जिस हिसाब से आवक हो रही है। आगे और घटने की संभावना है, जिससे टमाटर के अलावा अन्य सब्जियों के दाम बढ़ने लगेंगे। वहीं भाटापारा की सुरखी थोक सब्जी मण्डी बड़ी मण्डियों में गिनती होती है। मण्डी से रोजाना कोरबा, मनेंद्रगढ़ के अलावा आसपास के क्षेत्रों में सब्जी इसी मण्डी से जाती है, लेकिन अब आवक कम होने से वहां की आपूर्ति पर भी असर होगा बलौदाबाजार मे भी कई खेप सब्जी यहीं से जाती है। यहां के टिकुलिया, तरेंगा, टेहका क्षेत्र में 40-50 सब्जी बाड़ी है, लेकिन वहां सब्जी की फसल जितने में लगी है, उतने में ही पानी की आपूर्ति करना मुश्किल हो रहा है।

